जब भी आवाज़ लगाएगा

दुनिया छोड़ेगी हाथ मगर वो छोड़ तुझे ना जायेगा,
जब भी आवाज़ लगाएगा तेरा खाटूवाला आएगा॥

है साथ तेरे एहसास तो कर,
एक बार सही विश्वास तो कर,
तेरी आस पुपुराने आएगा,
सच्चे दिल से अरदास तो कर,
रिश्ते नाते सब टूटेंगे तो श्याम साथ निभाएगा,
जब भी आवाज़ लगाएगा तेरा खाटूवाला आएगा॥

क्यों है उदास क्या कारण है,
बाबा के पास निवारण है,
तू श्याम से मन की बतला ले,
एक श्याम ही तारण हारण है,
सूनी राहों को रोशन कर के श्याम उजाला लाएगा,
जब भी आवाज़ लगाएगा तेरा खाटूवाला आएगा॥

जो खोया है कब तेरा था,
जो पाया है वो तेरा है,
जितना भी दिया है बाबा ने,
उसमे ही रेन बसेरा है,
होंगे जैसे भी भाव तेरे वैसा ही सचिन तू पायेगा,
जब भी आवाज़ लगाएगा तेरा खाटूवाला आएगा॥

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/26364/title/jab-bhi-aawaz-lagayega

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |